पंजाब केसरी
FRI,17 APRIL 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 6


# डी.एल.एड. कोर्स की मान्यता के लिए आवेदन शुरू

## 14 मई तक जमा होंगे फॉर्म

धर्मशाला, 16 अप्रैल (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सत्र 2026-28 के लिए 2 वर्षीय डी.एल.एड. कोर्स चलाने हेतु स्कूलों और संस्थानों को मान्यता देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए प्रदेश के पात्र निजी शिक्षण संस्थानों से आवेदन मांगे गए हैं।

बोर्ड ने साफ किया है कि इस बार छात्रों को दाखिला कॉमन एंट्रेंस टैस्ट की मैरिट के आधार पर ही मिलेगा और सीटें एन.सी.टी.ई. के नियमों के हिसाब से ही तय होंगी। इस कोर्स को चलाने के लिए केवल वही संस्थान आवेदन कर सकते हैं, जिनके पास पहले से एन.सी.टी.ई. की मंजूरी और राज्य सरकार का अनापत्ति प्रमाण पत्र मौजूद है।

इच्छुक संस्थान बोर्ड की वैबसाइट से फॉर्म डाऊनलोड कर सकते हैं। फॉर्म के साथ स्टाफ की जानकारी, बिल्डिंग और फायर सेफ्टी के सर्टीफिकेट जमा करना जरूरी होगा। इस प्रक्रिया के लिए 37,760 रुपए फीस तय की गई है। आवेदन करने की आखिरी तारीख 14 मई 2026 है। यदि कोई संस्थान देरी कर देता है, तो वह लेट फीस के साथ 19 मई तक अपना आवेदन दे सकता है। किसी भी तरह की मदद के लिए संस्थान सीधे बोर्ड ऑफिस में संपर्क कर सकते हैं।



स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि डी.एल.एड.कोर्स की मान्यता के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। संस्थान 14 मई तक अपने फॉर्म बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। हमारा प्रयास है कि पूरी प्रक्रिया नियमों के तहत और पारदर्शी तरीके से पूरी हो।

–डा. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

Dainik Jagran 17-04-2026

# डीएलएड संबद्धता के लिए 14 मई तक जमा होंगे आवेदन

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) पाठ्यक्रम के संचालन के लिए संबद्धता प्रक्रिया आरंभ कर दी है। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि पात्र निजी शिक्षण संस्थानों को 14 मई तक बोर्ड कार्यालय में आवेदन जमा करने होंगे। विलंब शुल्क के साथ 19 मई तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि वही संस्थान आवेदन कर सकेंगे जिनके पास एनसीटीई से डीएलएड (जेबीटी) संचालन की मान्यता है और जिन्होंने राज्य सरकार या शिक्षा विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त किया है। संस्थान बोर्ड की वेबसाइट से फार्म डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित बोर्ड कार्यालय में जमा करना होगा। संबद्धता के लिए 37,760 रुपये (जीएसटी सहित) शुल्क निर्धारित किया है, जिसका भुगतान बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से करना होगा। आवेदन के साथ स्टाफ का विवरण, भवन व अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र संलग्न करने होंगे।

Divya Himachal 17-04-2026

# डीएलएड के लिए 14 मई तक अप्लाई करने का मौका



धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला ने शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) पाठ्यक्रम के संचालन हेतु संबद्धता प्रकिया शुरू कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के पात्र निजी शिक्षण संस्थानों से 14 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सत्र में प्रवेश पूरी तरह से कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी-2026) की मेरिट के आधार पर ही दिया जाएगा। डा. शर्मा ने कहा कि केवल वही संस्थान आवेदन के योग्य माने जाएंगे, जिनके पास एनसीटीई से डीएलएड (जेबीटी) संचालन की मान्यता है और जिन्होंने राज्य सरकार या शिक्षा विभाग से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त कर लिया है। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि संबद्धता हेतु 37,760 रुपए (जीएसटी सहित) का शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसका भुगतान बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से किया जाना है। हालांकि विलंब शुल्क के साथ संस्थान 19 मई 2026 तक भी अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

# डीएलएड संबद्धता के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

अनंत ज्ञान

## ◆ बोर्ड अध्यक्ष ने दिया 14 मई तक का समय

ब्यूरो, धर्मशाला। स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) पाठ्यक्रम के संचालन के लिए संबद्धता प्रक्रिया शुरू कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश के पात्र निजी शिक्षण संस्थानों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सत्र में प्रवेश पूरी तरह से कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 2026 की मेरिट के आधार पर ही दिया जाएगा और सीटों का आवंटन एनसीटीई द्वारा निर्धारित कड़े मानकों के अनुरूप सुनिश्चित होगा। संबद्धता के लिए पात्रता मानदंडों पर चर्चा करते हुए डॉ. उन्होंने कहा कि केवल वही संस्थान आवेदन के योग्य माने जाएंगे, जिनके पास एनसीटीई से डीएलएड (जेबीटी) संचालन की मान्यता है और जिन्होंने राज्य सरकार या शिक्षा विभाग से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है। आवेदन करने के इच्छुक संस्थान बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से फॉर्म और दिशा-निर्देश डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित बोर्ड कार्यालय में जमा करना होगा। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि संबद्धता के लिए 37,760 रुपए (जीएसटी सहित) का शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसका भुगतान बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से किया जाना है। आवेदन के साथ स्टाफ का विवरण, भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र और अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 14 मई तय की गई है, हालांकि विलंब शुल्क के साथ संस्थान 19 मई तक भी अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक सहायता के लिए संस्थान सीधे बोर्ड कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
16 अप्रैल, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नजर
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

# दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन पाठ्यक्रम के संचालन हेतु प्रक्रिया शुरू

पहली नजर ब्यूरो, कांगड़ा

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला ने शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (D.El.Ed.) पाठ्यक्रम के संचालन हेतु संबद्धता प्रक्रिया शुरू कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के पात्र निजी शिक्षण संस्थानों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस सत्र में प्रवेश पूरी तरह से 'कॉमन एंट्रेंस टेस्ट' (CET-2026) की मेरिट के आधार पर ही दिया जाएगा और सीटों का आवंटन एनसीटीई (NCTE) द्वारा निर्धारित कड़े मानकों के अनुरूप सुनिश्चित होगा।

**प्रदेश के पात्र निजी शिक्षण संस्थानों से आवेदन आमंत्रित**

**केवल वही संस्थान आवेदन के योग्य, जिनके पास एनसीटीई से डी.एल.एड. (जेबीटी) संचालन की मान्यता : डॉ. राजेश शर्मा**

संबद्धता के लिए पात्रता मानदंडों पर चर्चा करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि केवल वही संस्थान आवेदन के योग्य माने जाएंगे, जिनके पास एनसीटीई से डी.एल.एड. (जेबीटी) संचालन की मान्यता है और जिन्होंने राज्य सरकार या शिक्षा विभाग से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्राप्त कर



लिया है। आवेदन करने के इच्छुक संस्थान बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से फॉर्म और विस्तृत दिशा-निर्देश डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित बोर्ड कार्यालय में जमा करना होगा।


प्रक्रिया के वित्तीय और समय संबंधी पहलुओं की जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि संबद्धता हेतु 37,760 रुपये (जीएसटी सहित) का शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसका भुगतान बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से किया जाना है। आवेदन के साथ स्टाफ का विवरण, भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र और अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 14 मई 2026 तय की गई है, हालांकि विलंब शुल्क के साथ संस्थान 19 मई 2026 तक भी अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक सहायता के लिए संस्थान सीधे बोर्ड कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

APRIL 17, 2026 FRIDAY DHARAMSHALA

The Sunny Times

# HPBOSE ANNOUNCES ₹37,760 FEE AND REQUIRED DOCUMENTATION FOR TEACHING DIPLOMA AFFILIATION

*Sunny Mahajan | Dharamshala*



The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) in Dharamshala has officially opened the application window for private educational institutions seeking affiliation for the two-year Diploma in Elementary Education (D.El.Ed.) course for the 2026-28 academic session. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma announced that this process is specifically for eligible private colleges across the state. He emphasized that student admissions for this session will be strictly determined by the merit scores of the Common Entrance Test (CET-2026), and all seat allocations will follow the rigorous standards set by the National Council for Teacher Education (NCTE).

To be eligible for affiliation, institutions must already hold valid recognition from the NCTE to run the D.El.Ed. or JBT program and must have secured a No Objection Certificate (NOC) from the state government or the education department. Interested colleges can download the necessary application forms and detailed guidelines from the official HPBOSE website. The completed paperwork, along with all supporting documents, must be submitted directly to the Board office for review.

The financial requirement for the application includes a fee of 37,760 rupees, which covers GST and must be paid via a bank draft. Institutions are also required to provide essential documentation such as detailed staff profiles, building safety certificates, and fire safety clearances. The primary deadline to submit these applications is May 14, 2026. However, the Board has provided a short grace period allowing submissions until May 19, 2026, provided a late fee is paid. For any further clarification or assistance, institutions are encouraged to reach out to the Board office directly.